भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2847

दिनांक 05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुलिया को शामिल किया जाना

2847. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का पश्चिम बंगाल के पुरुलिया ज़िले के पिछड़े सामाजिक-आर्थिक संकेतकों, अनुसूचित जनजाति की बड़ी आबादी, सूखे की आशंका वाले हालात, अपर्याप्त स्वास्थ्य देखरेख अवसंरचना, शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों और गरीबी के उच्च स्तर को ध्यान में रखते हुए इसे आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम में शामिल करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस कार्यक्रम में शामिल किए जाने के लिए पुरुलिया की पात्रता का कोई आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का जंगलमहल क्षेत्र में पुरुलिया की विकासात्मक आवश्यकताओं और रणनीतिक महत्व को देखते हुए इसे आकांक्षी जिला कार्यक्रम में शामिल करने का विचार है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) वर्तमान में सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) से (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

****